# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 30 मार्च।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर आज बारां जिले में प्रारम्भ हुआ। जिसके उद्घाटन सत्र में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया।

श्री डोटासरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि कार्यकर्ता ही कांग्रेस की अमूल्य निधि हैं क्योंकि इनकी अथ्क मेहनत एवं प्रयासों के कारण राजस्थान में कांग्रेस की सरकार का गठन हुआ है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की आत्म शक्ति और समर्पण के साथ किये गये कार्यों के कारण पार्टी आज सत्ता में रहकर प्रदेश के विकास का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने और कांग्रेस के महान् नेताओं ने देश को आजाद कराने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही बड़े बलिदान दिये हैं तथा देश की आजादी के पश्चात् भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सर्वाधिक योगदान कांग्रेस सरकारों एवं कांग्रेस नेताओं का ही है। उन्होंने कहा कि महात्मा गाँधी, सरदार पटेल, पं. नेहरू की सोच से आज देश विकसित राष्ट्र बना है जिसमें सभी एकजुटता के साथ मिलकर देश के विकास में अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के महान् नेताओं की इस विरासत को आगे बढ़ाने का दायित्व हम कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर है। उन्होंने कहा कि आजादी के संग्राम में कांग्रेस नेताओं ने कभी अंग्रेजों के सामने ना तो घुटने टेके और ना कभी माफी मांगी, बल्कि देशभक्ति की भावना के साथ राष्ट्र को आजाद कराने के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने से पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात् जब हमारे देश में एक सुई भी नहीं बनती थी तो पं. जवाहरलाल नेहरू ने देश के आधुनिकीकरण की नींव रखी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने देश में विकास हेतु आधारभूत ढांचा तैयार किया, महिलाओं का सशक्तिकरण किया, कृषि एवं शिक्षा के क्षेत्र में देश को सशक्त किया तथा योजना बनाकर समाज के हर वर्ग का उत्थान करने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि हरित क्रांति लाकर कृषकों को मजबूत करना, खाद्यान्न के मामले में देश को स्वावलम्बी बनाना, 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार देना, भ्रष्टाचार मिटाने हेतु सूचना का अधिकार, रोजगार हेतु मनरेगा, खाद्य सुरक्षा कानून तथा शिक्षा हेतु शिक्षा का अधिकार कानून बनाकर आमजन को दिया गया, जबकि मोदी सरकार ने देश को नोटबंदी

2........

Created by Universal Document Converter

तथा गलत प्रकार से जीएसटी लागू कर देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री नरसिम्हा राव तथा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के शासनकाल के दौरान वैश्विक मंदी का असर भारत में देखने को नहीं मिला, उनके प्रबंधन का लोहा पूरा विश्व मानता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के महान् नेताओं के योगदान के कारण भारत की विश्व में एक अलग पहचान विश्व शक्ति के रूप में कायम हो सकी है। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जब मुख्यमंत्री थे तो अमेरिका ने उन्हें वैमनस्य फैलाने के आरोपों के चलते वीजा भी नहीं दिया था, किन्तु जब मोदी प्रधानमंत्री बने तो अमेरिका ने उनका स्वागत पं. नेहरू एवं श्रीमती इंदिरा गाँधी के देश के प्रधानमंत्री होने के कारण किया। उन्होंने कहा कि मंत्री होने के नाते उन्हें भी विदेश जाने का मौका मिला तो कजाकिस्तान के लोगों ने उनका सम्मान इंदिरा गाँधी के देश से होने के कारण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कभी देश की इस महान् विरासत की बात नहीं करते हैं बल्कि 70 साल में कांग्रेस ने क्या किया इसका हिसाब मांगते हैं, लेकिन खुद के 8 साल के शासन पर कभी बात नहीं करते हैं।

श्री डोटासरा ने कहा कि भारत गंगा-जमुनी तहजीब को मानना वाला देश है जहाँ 36 कौम के लोग एकजुट होकर कार्य करते हैं, किन्तु भाजपा के लोग हमारे देश की इस विरासत को ही साम्प्रदायिकता फैलाकर नष्ट करने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता जनता से किये गये वादों पर जवाब नहीं देते हैं, दो करोड़ नौकरी, कृषकों की आय दुगुनी, भ्रष्टाचार के समाप्त होने, कालाधन वापस लाने के वादों को अनसुना करते हैं तथा अपनी इस वादाखिलाफी को छिपाने के लिये धार्मिक उन्माद फैलाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नोटबंदी के तीन फायदे प्रधानमंत्री ने गिनाये, किन्तु ना तो कालाधन समाप्त हुआ, ना आतंकवाद समाप्त हुआ, ना भ्रष्टाचार खत्म हुआ, लेकिन गरीब आदमी के रोजगार पर एक व्यापक चोट पहुँची है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर पूर्णतया विफल रही है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने जनकल्याण के लिये एक से बढ़कर एक फ्लैगशिप योजनायें लागू की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने अलग से कृषि बजट पेश कर किसानों के लिये बजट राशि को दोगुना कर दिया, कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन स्कीम लागू की, आमजन को चिकित्सीय खर्च से बचाने हेतु चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की, 4 हजार से अधिक स्कूल क्रमौन्नत कर दिये, अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले, युवाओं को एक लाख रोजगार प्रदान किये जा चुके हैं, सवा लाख रोजगार प्रक्रियाधीन है तथा अब बजट में एक लाख और नये रोजगार देने की घोषणा हो चुकी है। इसी के साथ नये कॉलेज खोले जा रहे हैं, महिलाओं को योजनाओं का लाभ मिले इस हेतु 1 करोड़ 33 लाख

3........

Created by Universal Document Converter

स्मार्ट फोन वितरित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार हुआ है कि बजट घोषणाओं की 70 प्रतिशत कियान्विति दिसम्बर माह में ही पूर कर ली गई है, जबकि प्रदेश कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से जूझ रहा था। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट के पश्चात् विपक्षी दलों के होश उड़ गये हैं तथा सरकार के खिलाफ बोलने के लिये शब्द नहीं मिल रहे हैं। इस कारण भाजपा के लोग गैर मुद्दों को मुद्दा बनाने का असफल प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर राजस्थान सरकार जनता के लिये कार्य कर रही है, दूसरी ओर भाजपा के 25 सांसद राजस्थान के लिये एक कल्याणकारी योजना नहीं ला सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार के गुड गर्वनेन्स के विरूद्ध भाजपा नेताओं के पास बोलने के लिये कुछ नहीं है इसलिये अन्य प्रदेशों के चुनाव परिणामों के आधार पर राजस्थान में स्वयं की पीठ थपथपाकर सत्ता पाने के सपने देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी भाजपा मध्यप्रदेश, गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडू, आंध्र प्रदेश तथा राजस्थान में हार चुकी है। कुछ प्रदेशों में संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर तथा संवैधानिक मान्यताओं के विरूद्ध जाकर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकारों को गिराकर सत्ता पर काबिज हुई थी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा को पहले भी हराया और इस बार और अधिक अंतर से कांग्रेस हरायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा भले ईडी, आईटी का दुरूपयोग राजस्थान के नेताओं के विरूद्ध कर ले किन्तु कांग्रेस नेता डरने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने अपनी छाती पर गोली खाकर पहले भी देश को आजाद कराया था, आरएसएस की तरह अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता मुकाबला करना जानते हैं, अंग्रेजों के लिये मुखबिरी करने वालों से डरते नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं में तो आपस में ही बहुत फूट पड़ी हुई है, एक-दूसरे का मुंह नहीं देख सकते, इसी कारण साढ़े तीन साल में सरकार के खिलाफ एक मुद्दा नहीं उठा सके।

श्री डोटासरा ने कहा कि भाजपा के एक नेता विधानसभा में कांग्रेस को रगड़ने की बात कहते हैं जबकि नेता प्रतिपक्ष ने अपनी ही पार्टी को रगड़ दिया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष पिछले 8 वर्ष की भर्तियों पर सवाल उठा रहे हैं जबकि इस 8 वर्ष में से 5 वर्ष तो वे स्वयं प्रदेश के गृहमंत्री पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में रहे थे। इस प्रकार नेता प्रतिपक्ष खुद की सरकार एवं उसके कार्यकलापों पर सवाल उठाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कभी भी केन्द्र सरकार के बजट, मंहगाई तथा प्रदेश के साथ की जा रही अनदेखी एवं भेदभाव पर चर्चा नहीं करते हैं क्योंकि भाजपा नेताओं के पास केन्द्र सरकार की उपलब्धि बताने के लिये कोई तथ्य नहीं है। उन्होंने कहा कि दु:ख का विषय है कि राजस्थान से ही जल संसाधन मंत्री

4........

Created by Universal Document Converter

होने के बावजूद ईस्टर्न कैनाल प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय परियोजना बनाने का वादा प्रधानमंत्री द्वारा किया गया जिसकी अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी है, किसी कार्यकर्ता के सम्मान में कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो पार्टी अध्यक्ष होने के नाते वह स्वयं कार्यकर्ताओं की पैरवी हेतु कार्यकर्ताओं के साथ खड़े मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के झूठ का अंत होने को है, अतः सभी कार्यकर्ता योजनाबद्ध तरीके से राजस्थान सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक ले जाने के कार्य में जुट जायें तथा केन्द्र सरकार की विफलताओं से लोगों को अवगत करवायें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर वर्ष 2023 में राजस्थान में पुनः कांग्रेस सरकार चुनकर आयेगी तथा वर्ष 2024 में केन्द्र से मोदी सरकार का सफाया होगा।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में मंत्री श्री प्रमोद जैन भाया, विधायक श्री पानाचंद मेघवाल, श्रीमती निर्मला सहरिया, जिला प्रमुख श्रीमती उर्मिला जैन भाया, पूर्व विधायक श्री कर्णसिंह राठौड़, श्री सी.एल. प्रेमी बैरवा, प्रदेश कांग्रेस सचिव श्री जसवंत गुर्जर, श्री राजेन्द्र यादव, सांसद प्रत्याशी श्री प्रमोद शर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिले में निवासरत सदस्यगण, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी/निवर्तमान पदाधिकारीगण, जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान अध्यक्षगण, जिला कांग्रेस कमेटी के निर्वाचित व सहवृत सदस्यगण, जिले के समस्त अग्रिम संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान अध्यक्षगण, निकायों के जनप्रतिनिधिगण, पंचायत राज के जनप्रतिनिधिगण सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भाग लिया।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter